[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

से बात करके अविलम्ब घोषणा करें क्योंकि अध्यापकों में असंतोष हो रहा है। छात्रों में भी असंतोष है तथा उनके अभिभावकों में भी असंतोष व्याप्त है। यह जो शिक्षक वर्ग है इनके जो वेतनमान हैं यह इनको मिलने ही चाहियें इसीलिये मैंने इस विशेष उल्लेख के माध्यम से सरकार का तथा इस सदन का ध्यान आकर्षित किया है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Poddar. He is not here. The House is now adjourned for lunch till 2-30. p. m.

The House then adjourned for lunch at thirtyseven minutes past twelve of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-two minutes past two of the clock.. The Vice-Chairman (Shri H. Hanumanthappa) in the Chair.

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1987—(to amend article 326)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

The question was put and the motion was adopted. ■

THE CONSXmmQN (AMENDMENT) BILL, 1987 (Insertion of new article I6A1

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, I introduce the BUT.

THE ANCIENT MONUMENTS AND ARCHAEOLOGICAL SITES AND REMAINS (AMENDMENT) BILL, 1987

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Ancient Monuments and Archaeo logical Sites and Remains Act, 1958.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, | I introduce the Bill.

The Constitution (Amendment) BILL, 1985 (to amend Article 324) *—(contd.)*

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय हमारे मित्र श्री मालवीय जी ने कहा है :

"निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा यदि कोई हों, तो, अन्य उतने निर्वाचन आयुक्तों से, जितने कि राष्ट्रपति समय-समय पर नियत करे, मिल कर बनेगा तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, संसद द्वारा उस लिए बनाई हुई किसी विधि के उपबंधों के अधीन रहते हुए राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।"

"जब कोई अन्य निर्वाचन आयुक्त इस प्रकार नियुक्त किया गया हो तब मुख्य निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।"

उन्होंने अपने संविधान के उद्देश्य और कारणों के कथन में लिखा है कि :

भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के खंड (2)-(3) में यह

अधिकथित किया गया है कि निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा, यदि कोई हो, तो, अन्य उतने निर्वाचन आयुक्तों से, जितने कि राष्ट्रपति समय-समय पर नियत करे, मिल कर बनेगा तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, संसद द्वारा उस लिए बनाई हुई किसी विधि के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। जब कोई अन्य निर्वाचन आयुक्त इस प्रकार नियुक्त किया गया हो तब मुख्य निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।"

निर्वाचन आयोग मंत्रिमंडल की नियुक्ति करता है व्यवहार में, निर्वाचन आयोग एक सदस्यीय आयोग बन गया है।

निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्ति प्राधिकारी मंत्रिमंडल के कार्यक्षेत्र और अधिकारिता के परे होने चाहिए और उनकी नियुक्तियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होना चाहिए।

हाल ही में, चुनाव सुधारों की सार्वजनिक मांग की जाती रही है। संसद और प्रत्येक राज्य के विधान मंडल के समस्त निर्वाचनों के संचालन की आत्यंतिक शक्ति का किसी एक व्यक्ति में संकेन्द्रण न जो न्याय संगत है और न ही उचित है। इसके अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति मंत्रिमंडल के कार्यक्षेत्र के परे होनी चाहिए जिससे कि निर्वाचनों का संचालन स्वतंत्र, उचित और निष्पक्ष हो सके।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं श्री सत्य प्रकाश मालवीय के इन विचारों से सहमत नहीं हूं और हमारे देश में जो निर्वाचन की प्रक्रिया को हमारे संविधान निर्माण करने वाले लोगों ने बनाया है, मैं उसी से सहमत हूं। बार-बार सदन के अंदर यह बात करना कि जो निर्वाचन आयोग हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों भारत की संविधान सभा में बैठ कर जो हिंदुस्तान के भविष्य के लिए चुनाव आयोग बनाया, उसमें परिवर्तन किया जाना चाहिए, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं।

यह हमारे भारत की खुशकिस्मती है कि पिछले चालीस वर्षों से हिंदुस्तान में जनतंत्र और लोकतंत्र का चिराग जल रहा है। दुनिया में जितने भी विकासशील देश हैं, एशिया, अफ्रीका से नौ स्वतंत्र देश, उन मुल्कों में आज जनतंत्र या तो समाप्त हो गया है, या लोकतंत्र का गला घोट दिया गया है, या लोकतंत्र की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। आज हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है जहां पिछले चालीस वर्षों में लोकतंत्र का चिराग जल रहा है विकासशील देशों में।

निर्वाचन आयोग ने 1952 से लेकर 1984 तक में जितने चुनावों का संचालन किया है, वह निष्पक्षतापूर्ण किया है। हमारे देश के ही नहीं, दुनिया के अन्य राष्ट्रों के जो आबजरवर जो पर्यवेक्षक हमारे देश में आये हैं, उन्होंने हमारे देश की चुनाव प्रणाली की प्रशंसा की है और जिस निष्पक्षता और जिस ईमानदारी और सच्चाई से हमारे देश में चुनावों का संचालन हुआ है, वह दुनिया के लिए एक अनुकरणीय विषय है।

उपसभाध्यक्ष जी, हमारे मित्र मालवीय जी जोकि राजनीति के बहुत ही कुशल ग्रासरूट वर्कर हैं, कार्यकर्ता हैं, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि बार-बार लोकशाही और जनता के प्रतिनिधियों के ऊपर शंका प्रकट करने की जो उनके मन में बार-बार चीजें उत्पन्न होती हैं, यह कहां तक लोकतन्त्र को मजबूत करने वाली चीज है? क्या न्यायपालिका कोई ऐसी चीज है, जोकि आपसे बड़ी ऊंची है, या न्याय पालिका के अन्दर जो लोग हैं, वह इस देश के रहने वाले नहीं हैं, या इस मुल्क के वर्ग और जाति को

[श्री कल्पनाथ राय]

रिप्रजेंट नहीं करते हैं ? इस तरह की और कौन जिम्मेदारी लेगा ?

श्रीमन्, हमारे मित्र आदरणीय कानून मंत्री, श्री भारद्वाज जी से मेरी बात इस संबंध में हो रही थी—विभिन्न राज्यों के चुनाव आयुक्तों ने सर्व-सम्मति से यह राय दी है कि पूरे देश के लिये एक ही चुनाव आयोग की जो प्रक्रिया है, वही रहनी चाहिये, क्योंकि चुनाव की जम्मेदारी कौन लेगा ?

आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या है ? पूरे देश के सामने आजादी के बाद आज सबसे बड़ा सवाल है, भारत की अखंडता और एकता। देश में क्षेत्रीयता की, जातीयता की, साम्प्रदायिकता की शक्ति जिस पैमाने पर उभर रही है, वह राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिये चुनौती बन कर के खड़ी हो रही हैं और दुनियां की वह साम्राज्यवादी ताकतें जो भारत को एक शक्तिशाली देश के रूप में नहीं उभारने देना चाहतीं, वह साम्राज्यवादी, उपनिवेशवादी, नव-उपनिवेशवादी शक्तियां हिन्दुस्तान में डीस्टेबेलाइजेशन, अस्थिरता का वातावरण पैदा करना चाहती हैं और इस समय हिन्दुस्तान की आजादी को जितना बड़ा खतरा आज है, उतना बड़ा खतरा न तो व जवाहर लाल के जमाने में था और न उतना बड़ा खतरा लाल बहादुर शास्त्री के जमाने में था और न ही उतना बड़ा देश की आजादी को खतरा श्रीमती इन्दिरा गांधी के जमाने में था। आज हमारे देश के राजीव गांधी के नेतृत्व में जो भारत की सरकार चल रही है, आज हिन्दुस्तान की एकता और अखंडता को जितना बड़ा खतरा देश की अन्दरुनी ताकतों से है और देश की बाहरी शक्तियों से है, उतना बड़ा खतरा कभी नहीं था। आज देश की राजनीतिक स्थिति ऐसी बन गई है कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने भी अपनी पार्टी में प्रस्ताव किया है कि इस मुल्क में अब संसदीय प्रणाली की जगह राष्ट्रपति प्रणाली को लागू किया जाए। क्यों ? दो एग्जीक्यूटिव पावर, एक प्राइम मिनिस्टर इज द एग्जीक्यूटिव हैड और दूसरी तरफ राष्ट्रपति, ए डयूल सिस्टम आफ कार्यपालिका नहीं होना चाहिये। पूरे देश का नेता पूरे देश की जनता के द्वारा इलैक्ट किया जाना चाहिये। देश का नेता एक होना चाहिये। अमरीका या फ्रांस की तरह जो पूरे राष्ट्र को अपना राष्ट्र समझता हो।

He is to be elected by all the people of the country.

कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक और गुजरात से लेकर आसाम तक सारे भारत की जनता जिस नेता को इलैक्ट करे, चाहें वह नेता राष्ट्रपति के रूप में हो या प्रधान मंत्री के रूप में हो, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिये। यह हमारे भारतीय जनता पार्टी ने अपने पिछले सत्र और इस सत्र के बीच में जो उनकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक या राष्ट्रीय सम्मेलन हुए, उसमें उन्होंने इस विचार को माना और यह कहा है। जब राष्ट्रपति शासन की बात श्रीमती इन्दिरा गांधी के जमाने में हुई तो हमने इसका विरोध किया। हमें उस प्रणाली पर विश्वास नहीं था। लेकिन देश की बदलती हुई वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में यह आवश्यक हो गया है कि हिन्दुस्तान का एग्जीक्यूटिव हैड बन होना चाहिये और वह राष्ट्रपति कहिये या प्रधान मंत्री कहिये, लेकिन जनता के द्वारा चुना हुआ हो। पूरे देश की जनता जिसको इलैक्ट करती है, वह होना चाहिये। आज यह परिस्थिति आ गई है और मालवीय जी ने प्रस्ताव लाया है कि वे चुनाव आयोग पिछले 40 वर्षों से देश के चुनावों का संचालन करता रहा है और जिस चुनाव आयोग के विभिन्न अध्यक्षों को सारे राष्ट्र ने स्वीकार किया है और दुनियां के अन्य देशों के पर्यवेक्षकों ने भारत के चुनाव आयोग की निष्पक्षता और ईमानदारी की प्रशंसा की और जो 40 वर्षों से भारत में चुनावों का संचालन करता आ रहा है, वह बदल दिया जाये। यानी जो चीज अच्छी है, उसको बदल कर तीन-चार आदमियों को

बना दीजिये । फिर कौन जिम्मेदारी लेगा ? कोई गड़बड़ी होगी, तो कोई कहेगा कि इसकी गलती है, दूसरा कहेगा, इसकी गलती है, तीसरा कहेगा, इसकी गलती है । लेकिन चुनाव प्रणाली की जिम्मेदारी कौन लेगा ? आज देश के अन्दर जब उसकी एकता और अखंडता को भारी खतरा है, देश में जातीयता की, क्षेत्रीयता, साम्प्रदायितकता की ताकतें, राष्ट्र को जोड़ने वाली ताकतें, जनघाती और राष्ट्रघाती ताकतें भारत की एकता और अखंडता को तोड़ना चाहती हैं, तो यह देश के लिये एक चिन्ता का विषय है विषय बन गया है । ऐसे दौर में हिन्दुस्तान की एग्जीक्यटिव का हैड एक होना चाहिये, जो डायरेक्ट

The Prime Minister should be elected by the people of India, or the President should be elected by the people of -India.

वह संकीर्ण विचारधारा का व्यक्ति न हो, वह चाहे राष्ट्रपति का चुनाव लड़े या प्रधान मंत्री के चुनाव लड़े, कन्या-कुमारी से लेकर काश्मीर तक और गुजरात रात से लेकर असम तक उसके दिमाग में सारा भारत एक हो और तब उसका दृष्टिकोण राष्ट्रीय होगा, तब उसका नेशनल दृष्टिकोण होगा, तब वह नेशनल परस्पैक्टिव में विचार करेंगा और तब जो हमारे शहीदों के खून से भारत की आजादी हासिल हुई, वह टूट नहीं पायेगी । आज केवल सरकारी पक्ष की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हिन्दुस्तान के विरोधी दल की सारे नेताओं की यह जिम्मेदारी है । राष्ट्र एक रहेगा कि नहीं रहेगा, कन्ट्री की एकता रहेगी या नहीं रहेगी, देश की अखण्डता रहेगी या नहीं रहेगी, आज यह सब से बड़ा सवाल है । आज गरीबी हटाओ का उतना बड़ा सवाल नहीं है, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का उतना बड़ा प्रश्न नहीं है, जितना बड़ा प्रश्न आज देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने का है । भारत को देश के अन्दर की जनघाती और राष्ट्रघाती ताकतों से बचाना है और साम्राज्यवादी ताकतों से, उपनिवेशवादी षड़यंत्रों से दुनिया की उन ताकतों से जो भारत को अस्थिर करना चाहती हैं, भारत की आजादी, एकता और अखंडता को तोड़ना चाहती हैं, उनसे भारत को बचाना है । ऐसे वक्त में जो हमारे देश के फ्रीडम फाइटर्ज ने देश की आजादी की लड़ाई के सेनानियों ने जो चुनाव आयुक्त का निर्माण किया । वे फ्रीडम फाइटर्स, जिन्होंने भारत के संविधान का निर्माण किया, उनके सामने देश था, उनके सामने राष्ट्र था । उन्होंने पूरे राष्ट्र को अपने सामने रखकर भारत के संविधान का निर्माण किया, जिसमें पण्डित जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल और डा0 अम्बेडकर जैसे दुनियां के बड़े मनीषी बड़े-बड़े विद्वान , बड़े-बड़े आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सेनानी संविधान-सभा में थे । उस संविधान सभा के लोगों ने भारत के इस चुनाव आयोग का निर्माण किया और जिस दृष्टि से उन नेताओं ने इसकी रचना की, उसके अनुकूल ही भारत का चुनाव आयोग स्थापित हुआ । पिछले 40 वर्षों में किसी भी देशी या विदेशी व्यक्ति ने चुनाव की निष्पक्षता की ओर कभी कोई अंगुली नहीं उठाई ।

उप-सभाध्यक्ष महोदय, चुनाव सुधारों की बात की जाती है । हमारे प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी ने चुनाव-सुधार के लिये पहल की है । हमारी पार्टी के अन्दर संसदीय दल ने, हमारी पार्टी ने भी कहा है कि हिन्दुस्तान के बदलते हुए संदर्भ में हिन्दुस्तान के चुनावों में क्या सुधार लाये जायें, इस बदलते हुए संदर्भ में देश में पार्टी के सब लोग एक पूरे देश में बहस करें और बहस के बाद जो एक राष्ट्रीय मतक्य हो, उसके आधार पर हमें चुनाव सुधार को लागू करना चाहिये । विरोधी दल की भी यह जिम्मेदारी है । हम चाहेंगे हिन्दुस्तान के सारे विरोधी दल, हिन्दुस्तान की सरकारी पार्टी—कांग्रेस पार्टी, कांग्रेसी सरकार सब मिलकर चुनाव-सुधार के संबंध में बहस करें, राष्ट्रीय मतैक्य की स्थापना करें और जिन मुद्दों पर पूरे राष्ट्र की ओपीनियन एक हो, उस पर हमारे ला-मिनिस्टर श्री भारद्वाज जी उसे कानन का रूप देंगे । यह सब जब

[श्री कल्पनाथ राय]

होगा, तभी किसी मुल्क में लोकतन्त्र, जनतन्त्र मजबूती से चलता है ।

उप-सभाध्यक्ष महोदय, मालवीय जी, राजनीति में बहुत पुराने साथी हैं । आप जानते हैं कि आज देश की क्या अवस्था है । आप एक छोटी सी पार्टी की एकता तो बनाकर रख नहीं सकते, जिसको लोक दल कहते हैं, जिसके आप महा मन्त्री हैं । आज आपका दल टूट कर टुकड़े-टुकड़े में बंट गया है । आज हमें पूरे देश को एकता में बांध कर चलना है, उसको कहां तक हम मजबूत करेंगे, यह देखना है, । लेकिन आप उसको तोड़ कर नष्ट करें, यह कोई ठीक बात नहीं है । यह कहने-करने में फक नहीं है ....**(व्यवधान)**....

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : ....**(व्यवधान)**...कल्पनाथ जी, लोक दल टूटना नहीं चाहिये, मैं आपकी यह राय पार्टी के सम्मुख पहुंचा दूंगा ....**(व्यवधान)**.....

श्री कल्पनाथ राय : नहीं, मैं कहना चाहता हूं कि किसी भी देश में लोकतन्त्र की मजबूती के लिये शशक्त विरोधी दल का रहना अत्यावश्यक है, जिम्मेदार विरोधी दल का रहना जरूरी है और एक ताकतवर विरोधी-दल का रहना जरूरी है.....**(व्यवधान)**.....

श्री एच० आर० भारद्वाज (विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री) : वह तो लोक दल है ही नहीं .....

श्री कल्प नाथ राय : आदरणीय, उप-सभाध्यक्ष महोदय, यह मुल्क का दुर्भाग्य है कि अब एक छोटी-मोटी एक प्रान्त की पार्टी यह नहीं चला सकते । दो-चार जो छोट-छोटे नेता हैं, उनको मिला कर यह चल नहीं सकत । जिन्होंने हिन्दुस्तान को दखा नहीं है कि नागालैण्ड कहां है, कहां अरूणाचल प्रदेश है, कहां त्रिपुरा है, वही आपके आज अध्यक्ष हैं । अब जिन्होंन हिन्दुस्तान को देखा नहीं, वही हिन्दुस्तान पर विचार कर रहे हैं । वाह री हमारे देश की राष्ट्रीय प्रणाली, हमारे देश की व्यवस्था । पूरे देश को क्या, आध को भी नहीं देख हैं, उनके नेतृत्व में आप चलना चाहते हैं ।

आदरणीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, अब यह संशोधन ला दिये हैं कि इसमें कमीशन . तीन बनाये जायें और बड़ा भारी इन्हें जुडिशियरी पर विश्वास है, न्यायपालिका पर । हमारे देश में लोक तन्त्र, सेकुलरिज्म, धर्म-निरपेक्षता, समाजवाद, राष्ट्रीयता जितनी व्याप्त हैं, दुनियां के किसी भी देश में आप मुझे बताइये कि किस मुल्क में इतने आदर्श मूल्य हैं, जहां लोकतंत्र भी हो और समाजवाद भी हो ? समाजवाद को हम लोकतंत्र के माध्यम से लायेंगे । अगर दुनिया के कुछ-कुछ मुल्कों में समाजवाद है तो लोकतंत्र नहीं है और अगर लोकतंत्र है तो समाजवाद नहीं है, अगर समाजवाद बन रहा है तो सेकुलरिज्म नहीं है सेकुलरिज्म है तो नेशनलिज्म नहीं है । हमारे देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सैनानियों ने, जिन्होंने भारत को आजाद कराया महात्मा गांधी की रहनुमाई में, कितने ही मूल्यों की, आदर्श मूल्यों की स्थापना भारत के संविधान के प्रीएम्बल में की । यदि आप यह कहते कि समाजवाद की स्थापना के लिये न्यायपालिका की सत्ता को कम किया जाये the Judiciary should be subordinate to the executive. तब तो बात समझ में आती है एसी दशा में कैसे आप समाजवाद लायेंगे ? आज हिन्दुस्तान के अन्दर जो भी समाजवादी परिवर्तन या आर्थिक परिवर्तन लाने के लिये कानून बने हुये हैं, न्यायपालिका उनके विरोध में फैसला करेगी । बैंकों का राष्ट्रीय-करण हो या राजाओं के प्रिवी पर्स समाप्त करने हों, न्यायपालिका ने उनके खिलाफ फैसला दिया । लैंड रिफार्म्स या भूमि-सुधार के कानूनों के खिलाफ न्यायपालिका ने फैसला दिया । भूमिहीनों को भमि मिले या मजदूरों को दौलत में हिस्सा मिले यानि जो भी सामाजिक या आर्थिक परिवर्तनों के कानून हों, भारत की संसद के जो भी प्रतिनिधि ऐसे कानून लायेंगे, न्यायपालिका उसका विरोध करेगी । माफ कीजिये जिसके अन्दर निहित स्वार्थ हो, जिनका दृष्टिकोण नेशनल पर्सपेक्टिव में नहीं होगा व इसके विरुद्ध फैसला करेंगे । श्रीमती

इंदिरा गांधी ने 42वां संशोधन किया और संविधान के प्रियेंबल में लिखा कि इंडिया इज कमिटेड फार सोशलिज्म, इंडिया इज कमिटेड फार सेक्यूलरिज्म । चाहे हमारी पार्टी की सरकार हो या विरोधी पार्टी की सरकार हो, हम समाजवाद की स्थापना के लिये संकल्पबद्ध हैं । समाजवाद की स्थापना के लिये जब समाजवादी कानून हम लायेंगे तो न्यायपालिका उसके विरुद्ध फैसला करेगी । पूरे चालीस वर्ष के अन्दर जो भी चेष्टा चाहे श्री जवाहरलाल नेहरू ने की हो या श्रीमती गांधी ने की या राजीव गांधी जी करेंगे, न्यायपालिका ने उसके खिलाफ फैसला किया । आप कह रहे हैं कि न्यायपालिका के उसमें लोग हों चुनाव आयोग के सदस्य के रूप में और वह भी तीन सदस्य हों । अपना हाथ आप खुद काटना चाहते हैं ? श्री राजीव गांधी जिनके ऊपर सारे देश ने विश्वास किया और 410 संसद की सीटें जितवाई, वे जनहित के लिये कोई काम करना चाहें और जज उसके खिलाफ फैसला करें तो क्या कोई काम हो पायेगा ? हमारे मुल्क के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र न्यायपालिका, एक्जीक्यूटिव और विधायिका का निर्माण किया है । लेकिन हमारे देश में जितने आदर्शों और जितनी मात्रा में सेक्युलरिज्म की स्थापना की है, उतनी दुनिया में कहीं नहीं है । आज सांप्रदायिक ताकतें, जातीयता की ताकतें, क्षेत्रीयता की ताकतें सिर उठा रही हैं, भारत की एकता को तोड़ना चाहती है । दूसरी तरफ दुनियां के तमाम साम्राज्यवादी देश, उपनिवेशवादी देश हिन्दुस्तान को डिस्टेबिलाइज करना चाहते हैं । भारत की आजादी को जितना बड़ा खतरा आज है, उतना बड़ा खतरा कभी नहीं था । ऐसे वक्त पर न केवल कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है, वरन् हिन्दुस्तान के सभी विरोधी दलों की जिम्मेदारी है कि हमारी प्रायोरीटीज क्या है उसको समझें । भारत की एकता, भारत की अखंडता और भारत की राष्ट्रीयता की रक्षा के लिये सारा राष्ट्र एक है, एक जुट है, इस भावना से पूरे राष्ट्र को, पूरे देश को नेताओं के हाथ मजबूत बनाने चाहिये । अगर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता को आप नहीं बचा पायेंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा । लोक तंत्र नहीं रहेगा तो आपकी पार्टी कैसे बच पायेगी ? आप दो प्रांतों की पार्टी को नहीं बचा पा रहे हैं तो आप देश को कैसे बचाएंगे ? तो आप प्रेक्टिकल बात कीजिये ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मालवीय जी को बधाई देता हूं, कि आप अपनी पार्टी की तरफ से रेजुलेशन लाये कि भारत के संविधान में संशोधन किया जाये कि जो राष्ट्र का प्राइम मिनिस्टर हो या प्रेजीडेंट हो वह पूरे राष्ट्र के द्वारा इलेक्ट हो । महोदय अमरीका में राष्ट्रपति का चुनाव होता है, 10 हजार ऐक्जीक्यूटिव को ऐपाइंट करने का अधिकार राष्ट्रपति को होता है । तब मुल्क के अन्दर वहां का प्रेजीडेंट कुछ कर सकता है । लेकिन हमारे यहां कांग्रेस पार्टी की सरकार हो या आप की सरकार आ जाये, नौकरशाही वही रहेगी, सिविल सरवेंट वही रहेंगे । आज जो एन० टी० रामाराव आंध्र के नेता हैं उनका जो दृष्टिकोण है, वही क्या उनके तेलगु देशम के जो नेता श्री सत्य नारायण रेड्डी जी हैं, उनका भी है, यह मैं आपसे पूछना चाहता हूं ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी (आंध्र प्रदेश) : मैं अपने भाषण में बता दूंगा । अभी नहीं ।

श्री कल्पनाथ राय : आपने कहा था कि हम भारत देशम् बनायेंगे । क्यों नहीं बनाया आपने भारत देशम्? क्यो नहीं हिन्दुस्तान के पैमाने पर आपने कोई दल बनाया ? अगर कांग्रेस सरकार नहीं रहेगी तो उसका क्या राष्ट्रीय विकल्प होगा यह मैं जानना चाहता हूं । जनता पार्टी 1977 में सत्ता में आयी तब उन्होंने अपने चुनाव घोषणा पत्र में दो चीजों की घोषणायें की थीं । एक तो एन्टी डिफेक्शन बिल के बारे में कहा था और दूसरा चुनाव सुधार के बारे में । किसी भी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जनता की अदालत में दिया गया हलफनामा होता है ।

The election manifesto of a political party is an affidavit in people's court.

जनता की अदालत में आपने हलफनामा लिया कि अगर हमारी पार्टी पावर में आयेगी तो हम चुनाव सुधार करेंगे और अपने देश के अन्दर एंटी डिफेक्शन कानून बनायेंगे । एक भी काम आप नहीं कर सके । तीन बरस आपने हुकूमत की । क्यों आपने चुनाव घोषणा पत्र में वायदा

[श्री कल्पनाथ राय]

किया ? क्यों नहीं आप एंटी डिफेक्शन बिल लाये ? आप को हमारे प्रधान मंत्री जी को बधाई देनी चाहिये कि सत्ता में आने के तुरन्त बाद एंटी डिफेक्शन बिल लाये। भारत के राजनीति में साफ सुथरी जिन्दगी जीने का अवसर भारत के सारे नागरिकों को दिया। जहां तक चुनाव सुधार की बात है प्रधान मंत्री सहमत हैं। हमारी पार्टी की संसदीय दल की मीटिंग में उन्होंने कहा कि पूरे राष्ट्रीय पैमाने पर चुनाव सुधार पर बहस होनी चाहिये। राष्ट्रीय मतैक्य स्थापित होना चाहिये। सारी विरोधी पार्टियों के लोग उस राष्ट्रीय मतैक्य में शामिल हों। सब मिलजुल कर राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय मतैक्य स्थापित करें कि किन बातों को लेकर चुनाव सुधार किया जाये।

आज कानून है कि चार परसेंट जो पार्टी वोट पायेगी वह राष्ट्रीय पार्टी होगी। मैं चाहता हूं कि यह बात बिल्कुल खत्म होनी चाहिये। इस मुल्क में राष्ट्रीय पार्टी वही मानी जाये जिसको कम से कम 20 परसेंट वोट मिले।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : राष्ट्रपति के चुनाव में भी हो।

श्री कल्पनाथ राय : मैं यह कह रहा हूं कि आज की बदलती हुई परिस्थिति में भारत के संविधान में ऐसा संशोधन होना चाहिये कि पूरे देश में राष्ट्रपति या प्रधान मंत्री डायरेक्ट जनता के द्वारा इलेक्ट हो। यह मैंने कहा है। मैं यह कह रहा हूं कि आज की वर्तमान परिस्थिति में अगर यह प्रणाली कायम रहे रहे तो इस प्रणाली के अन्तर्गत यह एक अच्छा काम होगा। इस प्रणाली में यह होना चाहिए कि जो पार्टी 20 परसेंट वोट पाये वही राष्ट्रीय पार्टी मानी जाये। इससे कम वोट पाने वाली राष्ट्रीय पार्टी नहीं मानी जाये। हमारे कानून मंत्री जी जो 20 परसेंट वोट पाये उस पार्टी को क्या-क्या सुविधायें मिलनी चाहिएं उसके लिए कानून बनायें।

आज इस देश में कितनी बड़ी बदकिस्मती है कि एक भी दल ऐसा नहीं है। अगर 50 भी लोक सभा के सदस्य चुनाव में किसी भी दल के चुन कर आते तो वह विरोधी पार्टी बनती। लेकिन एक भी असल में विरोधी पार्टी नहीं है। बरसाती मैंढकों की तरह चू-चू करती 20 पार्टियां हैं। इनके पास क्या राष्ट्रीय दृष्टिकोण है? समाजवाद का सपना साकार करने का क्या इनके पास कोई कार्यक्रम है? क्या नीति है इनके पास साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने के लिए इनके पास क्या रास्ता है? मुल्क में समाजवाद की स्थापना करने के लिए इनके पास क्या दृष्टिकोण है? भारत की अखण्डता और एकता को बचाने के लिए इनके पास क्या पोरुष है? राष्ट्र के अन्दर लोकतंत्र को बनाए रखने की इनके पास क्या गारण्टी है? सेक्यूलरिज्म कोई मामूली चीज नहीं है। आज साम्प्रदायिक ताकतें हिन्दुस्तान में माइनोरिटीज के नाम पर सैक्यूलरिज्म की बात करती हैं। आज साम्प्रदायिक ताकतें उभर रही हैं। लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की राजनीति में, हिन्दुस्तान में जो रेस्पेक्टिबिलिटी माइनोरिटीज को मिली हुई है वह दुनियां के किसी देश में नहीं है। हिन्दुस्तान में पारसी, बौद्ध, मुसलमान ये सारी माइनोरिटीज कम्यूनिटीज हैं। क्या दुनियां के किसी और देश में माइनो-

3.00 P.M. रिटीज की इतनी रेस्पेक्टिबिलीटी है जितनी हिन्दुस्तान में है? क्या पाकिस्तान में हिन्दुओं की कोई रेस्पेक्टिबिलीटी है? क्या बंगलादेश में है? क्या ईरान या इराक में माइनोरिटीज की कोई रेस्पेक्टिबिलीटी है? अमेरिका में हब्सियों की क्या कोई रेस्पेक्टिबिलीटी है? क्या इंगलैंड में आइरिश की कोई रेस्पेक्टिबिलीटी है। करोड़ों करोड़ मुसलमान रूस की कम्यूनिस्ट व्यवस्था में रहते हैं। क्या वहां पर उनकी कोई रेस्पेक्टिबिलीटी है? मैं जानना चाहता हूं कि यहां पर कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता बैठे हैं, वे हमें बतायें कि वहां पर माइनोरिटीज की क्या रेस्पेक्टिबिलीटी है?

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : उनकी वहां पर डिसरेस्पेक्ट क्या है?

श्री कल्पनाथ राय : मैं बताता पूरे रूस में कम्यूनिस्ट व्यवस्था में उनके आज तक के इतिहास में एक भी माइनोरिटी का व्यक्ति प्रेसीडेन्ट बना है, प्रेसी-

डियम का मेम्बर बना है, जनरल सेक्रेटरी बना है, पोलिट ब्यूरो का मेम्बर बना है? इसका उत्तर जीरो है। चीन में जहां पर करोड़ों माइनोरिटीज के लोग रहते हैं, क्या वहां पर कोई माइनोरिटी का आदमी प्रेजीडेन्ट बना है, एक्जीक्यूटिव में आया है? वहां की पोलिटिकल हाइरार्की में उनको कोई स्थान नहीं दिया गया है। हिन्दुस्तान ही एक ऐसा मुल्क है जहां पर छः छः माइनोरिटीज के व्यक्ति प्रेजीडेन्ट बने हैं, छः छः मुख्य मंत्री माइनोरिटीज के बने हैं, चीफ जस्टिस हुए हैं। श्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में 15 व्यक्ति माइनोरिटीज के हैं। दुनियां के किसी अन्य देश में क्या इतने लोग माइनोरिटीज के मंत्रिमंडल में हैं? इसलिए आज हमें आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्रपति और जनघाती लोगों से देश को बचाया जाए। जो सेक्यूलेरिज्म हिन्दुस्तान में हैं वह अन्य किसी देश में नहीं है। दुनिया के किसी भी देश में माइनोरिटीज को इतनी रेस्पक्टिबिलीटी प्राप्त नहीं है जितनी हिन्दुस्तान में है। क्या पाकिस्तान में, बंगलादेश में, ईरान, इराक में, अमेरिका, इंगलैंड में माइनोरिटीज की कोई आवाज है? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि माइनोरिटीज के मामले में जो लोग जनता को गुमराह करना चाहते हैं वे जनघाती और राष्ट्रघाती हैं। देश तोड़क शक्तियों का हमें मुकाबला करना है। जो शक्तियां हमारे देश की एक्ता को नष्ट करना चाहती हैं उन से हमें देश को बचाना है। अगर हमें अपने देश में समाजवाद की स्थापना करनी है तो हमें सैक्यूलेरिज्म को इस देश में मजबूत करना होगा। अगर हमें इस देश में लोकतंत्र को बचाना है, राष्ट्र की एक्ता का कायम रखना है, देश की अखण्डता को कायम करना है तो हमें राष्ट्रघाती और राष्ट्र विरोधी ताकतों को नष्ट करना होगा। अगर हमें दुनियां से साम्राज्यवाद को समाप्त करना है और देश में समाजवाद की स्थापना करनी है तो हमें राजीव गांधी जी के हाथों को मजबूत करना होगा। उनके हाथ मजबूत करना हमारा धर्म है। कम्यूनिस्ट रूस ने भी यह कहा है कि दुनिया में जो ताकतें साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं उन में हिन्दुस्तान सब से आगे है। दुनिया में हिन्दुस्तान वह सब से बड़ा देश है जो साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ रहा है। इसलिए हम सब का यह धर्म है कि हम राजीव गान्धी की मदद करें। मैं श्री मालवीय जी से यह कहना चाहता हूं कि आज जो हमारा इलैक्शन कमीशन बना है, हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने और हमारे नेताओं ने जो संविधान हमारे लिए बनाया है, उसे संविधान की हम सब को रक्षा करनी है। डा० अम्बेदकर की अध्यक्षता में गठित समिति ने य संविधान बनाया । यह संविधान दुनियां के महान् संविधानों में से एक है। इ महान् संविधान की हमें रक्षा करनी है। आज की बदलती हुई परिस्थितियों में सब से बड़ा सवाल हमारे सामने यह है कि हम अपने देश की रक्षा करें। आज हमारे सामने सब से बड़ा सवाल राष्ट्र की एकता का है। भारत की आजादी की रक्षा करने का है। हमें इस देश की आजादी को बचाना है। हमें इस देश की आज़ादी की रक्षा विदेशी ताकतों के षड़यंत्र से और देशी ताक तों के षड़यंत्र से करनी है । इसलिए भारत में ऐसी सत्ता होनी चाहिए चाहे प्रसीडन्ट वाला सिस्टम कहिये या प्राइम मिनिस्टर वाला सिस्टम कहिए, इस में पूरे भारत की जनता अपने नेता को इलैक्ट करे और ऐसा नेता, पूरे भारत को, उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम सारे राष्ट्र की एकता के सूत्र में बांधकर आगे चले। ऐसी परिस्थिति में उपसभाध्यक्ष महोदय, म समझता हूं कि चुनाव आयोग की जो वर्तमान व्यवस्था है वह सर्वोपरि है और इस व्यवस्था के अन्तर्गत ही हमने 40 सालों तक हिन्दुस्तान में चुनाव कराये हैं तथा यह व्यवस्था पिछले चालीस वर्षों में सर्वोत्तम व्यवस्था साबित हुई है। इस व्यवस्था को ही और मजबूत करना हमारा तथा सारे राष्ट्र का कर्तव्य है। उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ने जो चुनाव सुधार आयोग की बात की है इस सन्दर्भ में तमाम विरोधी दलों के नेताओं को और सारी छोटी मोटी पार्टियों के नेताओं को कांग्रेस सरकार के हाथ बैठकर इस प्रश्न पर विचार करना चाहिए और

[श्री कल्पनाथ राय]

आपस में सबको मिलकर वर्तमान बदलती हुई परिस्थितियों में मतैक्य के आधार पर चुनाव पद्धति में संशोधन करना चाहिए। मैं कानून मंत्री जी से चाहूंगा कि व इस दिशा में कदम उठायें। हमारे प्रधान मंत्री जी खुद यह चाहते हैं और उन्होंने एन्टी डिफेक्शन बिल पास कराया है और इस से उन्होंने राष्ट्र में एक नयी धारा बहाई है। मैं चाहता हूं कि चुनाव सुधार आयोग द्वारा हम हिन्दुस्तान की आजादी के इतिहास को सामने रखकर भविष्य के खुशहाल दिनों का निर्माण करें ताकि लोकतंत्र देश में निर्बाध रूप से चलता रहे और सारी दुनिया में विश्व शांति और विश्व विकास में भारत अपना योगदान देता रहे और हमारा देश का लोक तंत्र सारी दुनियां के लिए आदर्श हो और जिसकी नकल सारी दुनिया किया करे। इन शब्दों के साथ मैं मालवीय जी के इस संशोधन का विरोध करता हूं।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : उप-सभाध्यक्ष महोदय, कल्पनाथ राय जी ने बड़े जोर शोर से यह बात बताने की कोशिश की कि हिन्दुस्तान में सिर्फ कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो हिन्दुस्तान की एकता और अखंडता चाहती है और दूसरी पार्टियां नहीं। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि ऐसा कहने से पूर्व क्या उन्होंने यह भी सोचा है कि हिन्दुस्तान की आजादी महात्मा गांधी की रहनुमाई में जो हासिल की गई क्या उसमें कांग्रेस पार्टी के ही लोग थे क्या उसमें हिन्दुस्तान की करोड़ों करोड़ जनता, हिन्दुस्तान की सभी पार्टियों के लोग इस आजादी की लड़ाई में शामिल नहीं थे ?

श्री कल्पनाथ राय : भारतीय जनता पार्टी के लोग नहीं थे।

श्री बी० सत्यनारायणय रेड्डी : हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों जो कांग्रेस के भीतर नहीं थे फिर भी व जेलों में गए और अपनी जान की कुर्बानी दी। उनको भुलाया नहीं जा सकता है। सिर्फ यह कहकर कि कांग्रेसी लोगों ने देश की आजादी हासिल की और यह केवल कांग्रेस ही कर सकती थी यह देश की गुमराह करने वाली बात है। ऐसा कहकर आप देश को गुमराह नहीं कर सकते। देश की आजादी की लड़ाई के लिए देश के करोड़ों लोगों ने कुर्बानी दी और महात्मा गांधी की रहनुमाई में हिन्दुस्तान ने आजादी हासिल की। देश की आजादी हासिल होने के बाद सत्ता मिलने के बाद देश में कैसी शासन व्यवस्था होगी इसके लिए देश के नेताओं में, जो कांस्टिट्युयेन्ट असैम्बली के नेता थे, उन्होंने देश को बनाने के लिए, समाज को बनाने के लिए देश को ताकत-वर बनाने के लिए, देश की अखंडता को बनाये रखने के लिए एक संविधान हमारे सामने रखा। लेकिन कांग्रेस के नेता इस देश को एक न रख सके। हिन्दुस्तान में सत्ता में जो पार्टी आई उसने जल्द-बाजी कर के देश की अखंडता को नहीं बनाये रखा, उसको वह कायम नही रख सकी और एक हिस्सा हम से अलग हो गया। इसको आप छोड़िये। मैं यह कहना चाहता हूं कि संविधान में जो प्रावधान है उसके अंदर संशोधन होना चाहिए या नहीं होना चाहिए, इस के बारे में यहां पर बहस हो रही है। संविधान में कई बार संशोधन हुए हैं, कांस्टिट्यूशन में अमेंडमेंट्स हुए हैं और वे हुए हैं देश को मजबूत बनाने के लिए, लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए यह नहीं कि देश को कमजोर बनाने के लिए, देश के लोगों को ज्यादा गरीब बनाने के लिए। यह उनकी सुरक्षा के लिए देश की सुरक्षा के लिए ही सोचे गए हैं। इसी सदन में पार्लियामेंट में उन पर चर्चा हुई और उसके बाद संशोधन की मांग की गई और उनको पास किया गया। मैं अपने मित्रों से यह चाहूंगा कि विरोधी दल के लोग जब कभी कोई बात कहते हैं या कोई संशोधन लाते हैं तो यह नहीं समझना चाहिए कि यह देश विरोधी है या देश को तोड़ना चाहते हैं या समाज को कमजोर करना चाहते हैं। यह मंशा नहीं है। अगर आप ऐसा समझते हैं तो आप गलत रास्ते पर हैं। देश को तोड़ने में, देश को कमजोर बनाने में, समाज को कमजोर बनाने में विरोधी पक्ष वालों का ही सब से पहला हाथ रहेगा आप

ऐसा मत समझिये क्योंकि देश एक है, समाज एक है, सब देश को मजबूत बनाना चाहते हैं। हिन्दुस्तान के सारे लोग आजादी की लड़ाई में एकजुट होकर के लड़े हैं। देश और समाज को मजबूत बनाने में हम सब एक हैं। जहां तक आर्थिक नीतियों का प्रश्न है, उसके बारे में जरुर सत्ताधारी पार्टी से हम इख्तलाफ करते हैं ताकि देश को मजबूत बनाया जाए, देश की एकता को बनाए रखा जाए और समाज टुटे नहीं, देश टूटे नहीं। यह उद्देश्य कल्पनाथ राय जी का है और वे इस देश में समाजवाद लाना चाहते हैं और मैं भी जिन्दगी में किसी दूसरी पार्टी का मैम्बर नहीं रहा जो समाजवाद में यकीन न रखती हो, मैं समाजवाद में यकीन रखता रहा चाहे किसी पार्टी में रहा हूं। फिर भी मैं आपको समाजवादी समझता हूं क्योंकि इस में आपको यकीन है। हिन्दुस्तान को आजाद हुए 40 साल हो गए हैं हमने यहां समाजवाद लाने में कितनी सफलता पाई है? आज देश को देखिये, कितने लोग ऐसे हैं, हजारों की तादाद में ऐसे गांव हैं जहां अभी तक साफ पानी पीने के लिए उपलब्ध नहीं हो पाया है, आज तक उनके लिए शौचालय का इन्तजाम हम नहीं कर सके हैं। कल किसी सदस्य ने इस सदन में कहा कि यह शर्म की बात है कि आज सूरज डूबने के बाद और सूरज निकलने के पहले इस दौरान में स्त्रियों को शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ता है क्योंकि उनके लिए शौचालय का भी कोई प्रबन्ध हम नहीं कर सके जबकि हमें आजाद हुए आज 40 साल हो गए हैं। आज हम फाइव स्टार होटलों का निर्माण करने के लिए सोचते हैं लेकिन जो कल्पना महात्मा गांधी जी ने की थी हम उन लोगों के लिए कुछ नहीं कर सके। मैं यह पूछता हूं हमने समाजवाद लाने में कितनी सफलता हासिल की है? यदि सही मायने में समाजवाद की तरफ बढते तो हमारी गरीबी और बेरोजगारी की समस्यायें हल हो चुकी होतीं। इसलिए इस तरफ हम को सोचना चाहिए। अब ज्यादा लम्बी तकरीर न करते हुए, मालवीय जी ने जो संशोधन लाया आर्टिकल-324 में, वह मैं आपके सामने पढ़ देना चाहता हूं वह इस प्रकार

In article 324 of the Constrtu-tion, --

(a) for clause (2), the follow, ing clause shall be substituted, namely: —

"(2) The Election Commission shalj consist of the Chief Election Commissioner and two - Election Commissioners and their appointment shall be made by the Chief Justice of India:

Provided that only a person qualified for being appointed las a Judge of the Supreme Court shall be eligible for such appointment. "

"(3) The Chief Election Commissioner shall act as the Chairman of/ the Election Commission. " "

इसमें क्या देश को तोड़ने वाली बात है मुझे पता नहीं चलता। इस से देश टूटेगा या समाज टूटेगा या संविधान भंग होगा मुझे तो ऐसी कोई चीज नजर नहीं आती है। (व्यवधान) मौजूदा जो चुनाव आयोग है इसके अध्यक्ष को चीफ इलैक्शन कमिश्नर कहा जाता है। इसके द्वारा काम जिस ढ़ंग से होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है। हम चाहते हैं, देश चाहता है, सारी पार्टियां यह चाहती हैं और कल्पनाथ राय जी भी यह चाहेंगे कि देश में चुनाव ठीक ढ़ंग से हों और निष्पक्ष हों, इस में कोई धपला न हो। सही मानों में जिनको वोट डालकर लोग चुनना चाहते हैं वे चुनकर आ जायें असेम्बली हो या पार्लियामेंट हो। यह इलैक्शन कमीशन की मंशा है। किसी के असर में किसी के दबाव में आकर चुनाव नहीं कराये जायें। आज हम देखते हैं कि देश में चुनाव हो रहे हैं, आठ चुनाव हो गये अब तक लोकसभा के और असेम्बलीज के लिए भी हो गये हैं। इनमें कई धपले भी

[श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी]

हुए हैं । उनके बारे में चर्चा सदन में भी हुई है और बाहर भी हुई है, सभी पार्टियों की तरफ से हुई है, कांग्रेस पार्टी ने भी कहा है कि वहां घपला हुआ है, दूसरी पार्टियों ने भी कहा है कि घपला हुआ है । यह तो आप भी बोल रहे हैं, हम भी बोल रहे हैं । इसको सुधारने की बात है । यह देश बहुत बड़ा है अंडमान निकोबार आइलैन्ड्स से लेकर कन्या कुमारी से कश्मीर तक है । उधर कच्छ से लेकर मिजोरम तक है । इस देश को संभालना है । इस देश के अन्दर जो पद्धति है उसमें चुनाव का रास्ता हमने अख्तियार किया है । इसको ठीक ढंग से हमने चलाना है, इसके बारे में हमको सोचना है । अगर किसी संशोधन से इस व्यवस्था को ठीक बना सकते हैं तो बनाना चाहिए । इसमें कोई हिचकचाने की जरूरत नहीं है । आज 3-4 राज्यों में वेस्ट बंगाल, केरल, जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव होना है । ये होने चाहिए । लेकिन इलेक्शन कमीशन ने बताया कि अभी हरियाणा में इलेक्टोरल रोल्स तैयार नहीं हैं । स्टेट गवर्नमेंट्स ने यह नहीं किया वह नहीं किया, इसलिए चुनाव हरियाणा में नहीं किया जाये, इसको स्थगित किया जाये । हम चाहते हैं कि ऐसी चीज न हो जिससे लोगों को यह मालूम हो कि इसमें किसी राजनीतिक पार्टी का हाथ है या इलेक्शन कमीशन का हाथ है इसलिए इलेक्शन नहीं चाहते हैं । ऐसा कोई इम्प्रेशन नहीं पैदा करना चाहिए . . . **(व्यवधान)** मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि मैं किसी एक पार्टी के बारे में नहीं बोल रहा हूं ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : आप हरियाणा के इलेक्शन की बात कर रहे हैं । वहां पर तो देवी लाल जी ने 6 हजार आब्जेक्शन्स दाखिल करवा के रुकवाया है । आपको मालूम है यह बात . . . **(व्यवधान)** आप जिम्मेवारी से बात करते हैं **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वह जो आपत्ति की गयी है वह मतदाताओं ने की है । जिस आपत्ति की चर्चा आप कर रहे हैं वह मतदाताओं ने की है ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : नहीं नहीं, मालवीय जी, देवी लाल जी हमारे चीफ इलेक्शन आफिसर के दफ्तर में गये, उनको डराया और 6 हजार आब्जेक्शंस फाइल कराये कहा कि इनका फैसला कराओ । अगर आप कहो तो कागज आपको दिखा दें . . . **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : . . . **(व्यवधान)** . . . और बाकी 4 में चुनाव नहीं कराया गया । मान्यवर, यह फैक्ट है ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : आप सुनिये । चित भी मेरी पट भी मेरी ऐसा नहीं चलता है । जिसको आप कहते हैं हमारे लीडर हैं, या तो आप उनको लीडर मत मानिये . . . **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : चौधरी देवी लाल जी हमारे लीडर हैं और हरियाणा के मुख्य मंत्री बनेंगे । वहां कांग्रेस हारेगी और बंसीलाल हारेंगे तथा इस के बाद कांग्रेस पार्टी का देश में खात्मा होगा . . . **(व्यवधान)** इसीलिए राजीव गांधी वहां का चुनाव नहीं करा रहे हैं ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : पार्लियामेंट में असत्य कभी नहीं बोलना चाहिए । आप लोग एक बार दरख्वास्त देते हैं फिर पीछे भाग लेते हैं । आप अगर चाहें तो वह 6 हजार आब्जेक्शन्स मैं यहां मंगवा लूंगा सदन में फिर आप देख लेना ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : चौधरी देवीलाल ने कमीशन को एप्रोच किया कि चुनाव न कराइये यह बिलकुल गलत है ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : चौधरी देवीलाल एक दिन तो कहें आप इन वोटर्स के नामों के फैसले करो दूसरे

दिन कहें इलेक्शन कराओ ! क्या मुख्य मंत्री ज्योति बसु कहें तो इलेक्शन होना चाहिए और बंसीलाल कह दें तो उसका कोई रिलेवेंस नहीं है आप लोग कौन सी... **(व्यवधान)** तराजू पर तौलते हैं... **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : चौधरी देवीलाल ने चुनाव आयोग को एप्रोच किया था... **(व्यवधान)** ...मैं कहता हूं कि मंत्री महोदय का यह वक्तव्य सत्य नहीं है और सत्य से परे है ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : मैं यह कह रहा था कि इलेक्शन कमीशन या चुनाव कराने के जो अधिकारी हैं वे निष्पक्ष होने चाहिएं । इलेक्शन ठीक ढंग से कराने की योजना बननी चाहिएं । यही मेरे कहने का मतलब था, चाहे वह लोकदल हो या कांग्रेस पार्टी किसी ने क्या किया ... **(व्यवधान)** उसमें न जाकर इलेक्शन कमीशन को यह चाहिए था कि अगर कोई आब्जेक्शन दिया है, मतदाताओं की लिस्ट में अगर मतदाताओं का नाम सिद्ध करने के लिए कहा गया है तो उनको करना चाहिए था... **(व्यवधान)**

श्री एच० आर० भारद्वाज : आपको मालूम है कि इसमें एक महीना लगता है उसके लिए ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : इसीलिए हम चाहते हैं कि सिर्फ एक ही इलेक्शन कमीशन की मशीनरी होने की वजह से जो दिक्कतें आती हैं उनको दूर करने के लिए इसमें संशोधन हो । एक से ज्यादा व्यक्ति इसके अन्दर हों ताकि यह जो आज आप बता रहे हैं वह चीज न हो । इसलिए हम कह रहे हैं । आप ठीक कह रहे हैं, आपका कहना बहुत ठीक है कि इलेक्शन कमीशन एक महीने के अन्दर नहीं कर सकता । ताकि ऐसी त्रुटियां आगे न चल सकें ।

उसके बाद मैं यह भी कहूंगा—— अभी मंत्री महोदय ने यह कहा कि अगर वैस्ट बंगाल के चीफ मिनिस्टर कहेंगे, तो इलैक्शन करेंगे, नहीं तो नहीं करेंगे । यह क्या मनमानी है ? वेस्ट बंगाल में मुख्य मंत्री चाहते थे कि वेस्ट बंगाल में चुनाव फरवरी में हों, लेकिन आपने अपनी सहूलियत के लिए कहा कि फरवरी में नहीं, इस महीने में हो । हमें कोई बात नहीं है, लेकिन फिर मैं उदाहरण के तौर पर कह रहा हूं । मैं ज्यादा न कहते हुए यही कहूंगा कि हमारे चुनाव का जो प्रबन्ध हो, वह इम्पार्शल हो और ठीक ढंग से होना चाहिए और यह संशोधन जो मालवीय जी ला रहे हैं, इसके बारे में आप गौर कीजिए ।

अब इलेक्टोरल रिफार्म्स के बारे में इस सदन में इससे पहले भी चर्चा हुई । उसके बाद अमेंडमेंट भी कुछ उस संबंध में लाये गये । लेकिन कोई इलेक्टोरल रिफार्म आज तक नहीं किये गये । एक तारकुंडे कमेटी बनी, उसने कुछ सिफारिशें दीं, कुछ दूसरी संस्थाओं ने भी अपने-अपने सुझाव दिये । इसके बारे में सरकार को सोचना चाहिए जल्द से जल्द एक ऐसा इलेक्टोरल रिफार्म हो ताकि जो आज धांधली चुनाव में होती है, वह बंद हो । इसमें करोड़ों रुपया खर्च होता है, वह बन्द हो ।

मैं नहीं समझता कि एक व्यक्ति लोक सभा या राज्य सभा के लिए जो चुनाव लड़ कर आते हैं, उनको लाखों रुपये खर्च करने पड़े, मैंने सुना है कि चंद लोग 50–60 लाख रुपये खर्च करते हैं । मेरी समझ में आता नहीं कि वह किस काम के लिए आयेंगे यहां ? क्यों आना चाहिए यहां इतना खर्च करके ? तो यह तमाम बुराइयां जो इन चुनावों में हैं, इसको देखना चाहिए... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : बुराइयां व्यक्तियों में हैं, चुनाव में नहीं ।

